भारत सरकार
रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

सीईएन सं. 03/2024 , पद – जेई, डीएमएस, सीएमए आदि

04/06/2025 को सीबीटी–II की (रद्द की गई शिफ्ट–2) के पुनर्निर्धारण के संबंध में सूचना

1. सीईएन संख्या 03/2024 के अंतर्गत, दिनांक 22/04/2025 को 12 रेलवे भर्ती बोर्ड (अर्थात् रेलवे भर्ती बोर्ड अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, गोरखपुर, गुवाहाटी, बिलासपुर, मुज़फ्फरपुर, पटना, प्रयागराज, चेन्नई और सिलीगुड़ी) के लिए निर्धारित जेई, डीएमएस, सीएमए आदि पदों पर चयन हेतु, सीबीटी-II की रद्द की गई शिफ्ट-2 परीक्षा, अब निम्नलिखित तालिका के अनुसार पुनर्निर्धारित की गई है:

क्र. स.	सीईएन सं.	पद	परीक्षा	परीक्षा तिथि (संभावित)
1	03/2024	जूनियर इंजीनियर (जेई), डिपो सामग्री अधीक्षक (डीएमएस), रासायनिक एवं धातुकर्म सहायक (सीएमए), रासायनिक पर्यवेक्षक (अनुसंधान) और धातुकर्म पर्यवेक्षक (अनुसंधान) के विभिन्न पद	सीबीटी–II (पुनर्निर्धारित)	04/06/2025

2. ***ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने 22/04/2025 को सीबीटी–II (शिफ्ट-2) में उपस्थिति दर्ज कराई थी, केवल उन्हें ही 04/06/2025 को पुन: निर्धारित सीबीटी – II में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।***

3. **परीक्षा शहर व तिथि देखने तथा एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए यात्रा प्राधिकरण डाउनलोड करने के लिए लिंक सभी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर परीक्षा तिथि से 10 दिन पहले लाइव कर दिया जाएगा ।**

4. ई-कॉल पत्रों की डाउनलोडिंग परीक्षा शहर और तिथि सूचना लिंक में उल्लिखित परीक्षा तिथि से 4 दिन पहले शुरू होगी ।

5. परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले परीक्षा केन्द्र में उम्मीदवारों का आधार से जुड़ा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण किया जाएगा । उम्मीदवारों को अपना मूल आधार कार्ड या ई-सत्यापित आधार कार्ड का प्रिंटआउट लाना आवश्यक है । उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सीबीटी-II में शामिल होने के लिए परीक्षा केंद्र पर आने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि उनका आधार सत्यापन हेतु अनलॉक स्थिति में हो। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा केन्द्र में सुगम प्रवेश के लिए www.rrbapply.gov.in पर अपने क्रेडेंशियल के साथ लॉग इन करके आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान प्रमाणित करें यदि पहले से नहीं किया है ।

6. उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया के बारे में नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों को देखने की सलाह दी जाती है । कृपया अप्रमाणित स्त्रोतों से गुमराह न हों ।

7. उन दलालों से सावधान रहें जो अवैध तरीके से नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके उम्मीदवारों को गुमराह करने की कोशिश करते है । आरआरबी में चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) पर आधारित है और भर्ती केवल उम्मीदवारों की योग्यता के आधार पर होती है ।

दिनांक : 14/05/2025

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड